विज्ञापन संख्या....14..../2024
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर
दिनांक– 26-10-2024

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित वॉच टॉवर संख्या–05 के बगल के तालाब का मछली पालन हेतु आवंटित किया जाना है। तालाब का एरिया 1100X 115 स्कवायर फिट (कुल रकवा–4.375 एकड़, जलक्षेत्र–2.425 एकड़) है। मत्सय उत्पादन के दृष्टिकोण से इसकी उत्पादक आय प्रति वर्ष 2,75,480/–रू0 है। वार्षिक उत्पादन के 10% की दर से अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित जमा प्रति वर्ष 27,548/–रू0 है। तालाब का प्रति वर्ष न्यूनतम बेस रेट 27,548/–रू0 है। तालाब का आवंटन 5 वर्षो के लिए किया जाना है। तालाब में मछली पालन करने हेतु उक्त तालाब का खुली निविदा के माध्यम से आवंटन किया जाना है। ज्यादा बोली लगाने वाले निविदादाता को उक्त तालाब का आवंटन किया जायेगा। इच्छुक निविदादाता तालाब आवंटन हेतु अपना निविदा डाल सकते हैं।

## निविदा डालने की संक्षिप्त प्रकिया :–

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–28/11/2024<br>समय 17.00 बजे अपराहन |
| निविदा खोलने/बोली लगाने की तिथि एवं समय | दिनांक–29/11/2024<br>समय 11.30 बजे पूर्वाहन |

1. सभी निविदादाता अपनी–अपनी निविदा, पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक (प्रशासन) बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम से बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के प्रशासनिक भवन में निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं।
2. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकार पत्र के साथ अपने प्रतिनिधि को भेज सकते हैं, जो अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे।
3. निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता को 2,000/–(दो हजार) (Non-refundable) रूपये बिहार पुलिस अकादमी एमेनिटी फण्ड राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट जो राजगीर स्थित किसी बैंक में भुगतान किया जा सके, तकनीकी बिड के साथ ही जमा करना होगा।
4. तालाब आवंटन के 5 वर्ष की अवधि की गणना एकरारनामा पर हस्ताक्षर की तिथि से मानी जाएगी।
5. फर्म/व्यक्ति का चयन खुली निविदा के माध्यम से किया जाएगा एवं अधिकतम बोली लगाने वाले निविदादाता को तालाब आवंटन किया जाएगा।
6. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को उक्त तालाब के लिए लगायी गयी बोली की राशि एकरारनामा हस्ताक्षरित होने के समय एकमुश्त जमा करना होगा।
7. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के पास मछली पालन/वितरण का लाईसेंस होना अनिवार्य है।
8. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता मछली का पालन/बिक्री स्वयं/अपनें कर्मियों के द्वारा करना होगा।
9. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के निविदा कागजात के साथ अद्यतन जी0एस0टी0 (3 वर्ष का), आई0टी0 रिटर्न (3 वर्ष का), अपडेट होना अनिवार्य है।

10. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता के निविदा कागजात के साथ चरित्र प्रमाण–पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
11. निर्धारित समयावधि के बाद आने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
12. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को अकादमी परिसर को गंदा करने की अनुमति नहीं है। उन्हे उपयोग किये जाने वाले परिसर को साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा।
13. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को परिसर में अपने स्टाफ के बिना पहचान पत्र के प्रवेश नही दिया जाएगा। निविदादाता अपने सभी स्टाफ का सत्यापन स्वयं करते हुए इस संबंध में आवेदन देकर उनका अकादमी में प्रवेश हेतु अनुमति प्राप्त करेंगे जिसमें यह लिखा होगा कि यह पहचान पत्र केवल अकादमी परिसर में प्रवेश के लिए ही मान्य है। यह पहचान पत्र अकादमी द्वारा प्राधिकृत पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए।
14. अन्तिम रूप से चयनित निविदादाता को किसी भी परिस्थिति में मादक द्रव्यों के साथ प्रवेश करने/सेवन करने के अनुमति नहीं होगी। उनके अथवा उनके कर्मी द्वारा किसी भी तरह के अवैध कार्य में संलग्न पाये जाने पर तत्काल उनके एकरारनामा को रद्द किये जाने का अधिकार बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के पास सुरक्षित रहेगा।
15. पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को निविदा में किसी शर्त का शिथिल करने/स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
16. यह निविदा एवं नियमावली अकादमी के वेवसाइट **www.bpa.bihar.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

26/10/24

सहायक निदेशक (प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

# आवेदन पत्र का प्रपत्र

पासपोर्ट साईज एक फाटो

1. **फर्म का नाम**
   (जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है)

2. **आवेदक का नाम :**
   (व्यक्ति / एंजेसी / फर्म इडिभिजुअलः
   संबंधित कागजात की प्रतिलिपि संलग्न करें)

3. **पिता का नाम :**

4. **वर्तमान एवं स्थाई पता :**
   (मोबाईल नं0 सहित)

5. **अनुभव / दक्षता :**

6. **लाईसेन्स विवरणी :**

7. **निविदाकर्ता का अन्डरटेंकिंग :**

➢ मेरे द्वारा निविदा नियमावली एवं अन्य नियम तथा शर्त अच्छी तरह पढनें / समझने के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है। अकादमी द्वारा निर्धारित सभी नियमों / शर्तो के अनुसार तालाब में मछली पालन सुनिश्चित करनें का आश्वासन देता हूँ।

➢ मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य / संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। निविदा में किसी स्तर पर गलत पाये जाने पर अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन के साथ संलग्न कागजातों की सूची

1. फर्म/प्रतिष्ठान का लाईसेंस की छायाप्रति।
2. जी0एस0टी0 पंजीकरण की छायाप्रति।
3. GST (विगत् 3 वर्ष का) की छायाप्रति।
4. ITR (विगत् 3 वर्ष का) का अद्यतन छायाप्रति।
5. पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट की छायाप्रति।
6. आधार कार्ड की छायाप्रति।
7. पैन कार्ड की छायाप्रति।
8. अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
9. अपने फर्म/प्रतिष्ठान के Non Blacklist से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
10. निविदाकर्ता को मछली पालन/बिक्री/वितरण संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
11. 2,000/–(दो हजार) (Non-refundable) रूपये बिहार पुलिस अकादमी एमेनिटी फण्ड राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट।
12. प्राधिकृत व्यक्ति का प्राधिकार पत्र मूल प्रति में।
13. प्राधिकृत व्यक्ति का पहचान पत्र(आधार/वोटर आई0 कार्ड) की छायाप्रति।

26/11/24

सहायक निदेशक (प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।